प्रदर्शन

## जिसकी नीयत रहती है साफ,वो करते है किसानों का कर्जा माफ़ : विवेक पटेल

# बैल गाड़ी पर सवार होकर विधायक ने किया विरोध प्रदर्शन






**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी नगर पालिका में चल रही भर्राशाही,प्रदेश में बढ़ती महंगाई,पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी,नीट पेपर लीक जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर मंगलवार को कांग्रेसियों ने नगर के जय स्तंभ पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम से पहले क्षेत्र के हजारों की संख्या में सभी कांग्रेसी वारासिवनी विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे ।जिसके पश्चात विधायक विवेक पटेल के नेतृत्व ने कांग्रेसियों ने रैली के माध्यम से विधायक विवेक पटेल खुद बैल गाड़ी पर सवार होकर,गैस सिलेंडर,साइकिल और हाथों पे तख्ती लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता एवं किसान जय स्तंभ पहुंचे ।जहां काग्रेस के नेताओं ने सभा का संबोधित किया ।जिसके पश्चात सभी कांग्रेसी और किसानों की मौजूदगी में महामहिम राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हर माता-पिता चाहता है ।की मेरे बेटा-बेटी पढ़ाई करके देश का नाम रौशन करे ।माता-पिता कर्ज लेकर अपने बच्चों को पढ़ाता है ।दो रोटी कम खता है ।मगर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करता है। विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत करके सफलता हासिल करता है ।मगर हमेशा भाजपा सरकार पेपर लीक करके लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में डाल देती है ।इस बार भी नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है ।भाजपा कभी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती ही नहीं है ।नीट पेपर लीक होने से लाखो विद्यार्थियों का मनोबल टूटा है ।इसके लिए शिक्षा मंत्री खुद जिम्मेदार है ।उन्हें इस्तीफा देना चाहिए ।हमारे प्रधानमंत्री ने कह दिया कि गाड़ी कम चलाए पेट्रोल-डीजल की बचत करे। और खुद विदेश घूमने चले गए ।भाजपा के शासनकाल में मंहगाई तो कम नहीं हुई बल्कि दुगुनी हो गई।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने कहा कि भाजपा सरकार में अगर काम करवाना पड़ता है ।तो विभाग के अधिकारियों को 20-25 प्रतिशत कमीशन देना पड़ता है ।तब जाकर अधिकारी काम करते है ।भाजपा सरकार में पैसे के बिना कोई काम नहीं होता है ।देश में पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे है ।रसोई गैस के दाम एक हजार के पार हो गया ।एक तरफ सरकार बहनों को 1500 रुपए दे रही है ।और दूसरी तरफ महंगाई बढ़ाकर दुगुनी राशि वसूल रही है ।जिससे घरेलू बोझ बढ़ रहा है ।मजदूर रोज सो रुपए कमाता है ।वो हजार रुपए का गैस सिलेंडर कहा से भरवाएगा ।अच्छे दिन के सपने दिखाने वाली भाजपा सरकार देश को अंधेरे में डूबा रही है ।रोजाना घरेलू उपयोगी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे है ।गरीब वर्ष को दो वक्त का भोजन भी नसीब नहीं हो रहा है ।और ये भाजपा सरकार अच्छे दिन की बात करती है। जो इनके खिलाप बोलता है ।ये लोग उनके पीछे जाँच बैठा देते है ।और गलत मामले दर्ज करवा देते है।

ब्लाक अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, सुनील राणा,विधायक प्रतिनिधि सुदेश गुड्डु सोनी, विवेक जुझार, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिकेंद्र पटले, खैरलांजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसद लिल्हारे, ब्राडगेज संघर्ष समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस,पूर्व सरपंच राजा अली,संदेश बिसेन, राहुल अरोरा,सत्तू बिसेन, शैलेन्द्र पटेल, छोटू ठाकरे, राजकुमर सहित कांग्रेसीगण मौजूद रहे।

# गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता : नपाध्यक्ष

## हनुमान चौक जलभराव मुक्ति हेतु लगभग ढाई करोड़ रुपये की कार्ययोजना पर जारी है कार्य, समयसीमा में पूर्ण नहीं होने पर होगी और कड़ी कार्रवाई



**नवभारत, बालाघाट।** शहर के प्रमुख व्यावसायिक एवं यातायात केंद्र हनुमान चौक तथा सर्किट हाउस मार्ग क्षेत्र को जलभराव की समस्या से स्थायी रूप से मुक्त करने के लिए नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा लगभग ढाई करोड़ रुपये की व्यापक कार्ययोजना पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने जनप्रतिनिधियों एवं नगरपालिका अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन नाला कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं कार्य प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं तकनीकी मानकों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी स्तर पर लापरवाही, गुणवत्ताहीन निर्माण अथवा निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित एजेंसी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए पेनल्टी भी लगाई जाएगी।

नपाध्यक्ष ने बताया कि हनुमान चौक क्षेत्र में वर्षों से बनी हुई जलभराव की समस्या के समाधान के लिए विस्तृत तकनीकी कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत पुराने बंद पड़े जल निकासी मार्गों को पुन: सक्रिय किया जा रहा है, नए डायवर्टेड नालों का निर्माण कराया जा रहा है तथा हनुमान चौक में बनाए जा रहे नए नाले को स्टेशन क्षेत्र की ओर जोड़कर जल निकासी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केवल नाला निर्माण ही नहीं, बल्कि इनसे जुड़े सभी नाले-नालियों की नियमित सफाई भी लगातार कराई जा रही है ताकि वर्षा के दौरान जल प्रवाह में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। नगर पालिका का प्रयास है कि शहर के इस प्रमुख स्थल को हर स्थिति में जलभराव से मुक्त किया जाए।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता, स्वीकृत डिजाइन, तकनीकी मानकों एवं उपयोग की जा रही सामग्री की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माण कार्यों की सतत निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समय-सीमा में पूर्ण हों।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी स्तर पर तकनीकी त्रुटि, गुणवत्ता में कमी अथवा लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आमजनों को स्वस्थ रखने के लिए शुरू हुए ऑनलाइन योगाभ्यास सत्र

**बालाघाट।** प्रमुख सचिव, आयुष विभाग के कुशल निर्देशन में प्रदेश भर में नागरिकों को 'हर घर योग, हर व्यक्ति निरोग' के संकल्प से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपाल स्थित प्रतिष्ठित पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान द्वारा आमजनों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें प्रतिदिन प्रात: योगाभ्यास के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ऑनलाइन योग सत्रों का विधिवत संचालन किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार पंद्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस डिजिटल पहल के माध्यम से संस्थान के अत्याधुनिक मास्टर ट्रेनर स्टूडियो से विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन लाइव सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को यह समझाना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और मानसिक शांति का आधार है। इसमें सामान्य योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का वैज्ञानिक व सरल अभ्यास कराया जाता है। अभियान की तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए जिला नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिंह उईके ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए यह ऑनलाइन योगाभ्यास सत्र यूट्यूब और प्लेटफ़ॉर्म लिंक के माध्यम से प्रतिदिन सुबह और शाम को कुल 6 अलग-अलग समय स्लॉट में आयोजित किया जा रहा है।



# ग्रीष्मकाल में भी बच्चों और माताओं को मिलेगा पोषण आहार

**नवभारत, बैहर।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास, भोपाल के निर्देशानुसार बाल विकास परियोजना बैहर अंतर्गत संचालित सभी 284 आंगनवाड़ी केन्द्रों में ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि 01 जून से 15 जून 2026 तक हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नाश्ता एवं भोजन के स्थान पर 12 दिवस का पूरक पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है। वहीं 6 माह से 3 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने वाले नाश्ता एवं गर्म पके भोजन के स्थान पर 2 दिवस का रेडी-टू-ईट आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को भी मंगलवार के दिन दिए जाने वाले गर्म पके भोजन के स्थान पर 2 दिवस हेतु पूरक पोषण आहार वितरित किया जा रहा है। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के अति गंभीर कुपोषित बच्चों को थर्ड मील के स्थान पर रेडी-टू-ईट आहार का वितरण किया जा रहा है। यह वितरण स्थानीय स्व-सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है, ताकि अवकाश अवधि के दौरान भी बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर को बनाए रखा जा सके।

बाल विकास परियोजना अधिकारी बैहर रामनाथ धुर्वे ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में नियमित रूप से रेडी-टू-ईट पूरक पोषण आहार का प्रदाय किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को अवकाश अवधि में भी पोषण संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# खेत बचाओ अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच रहे कृषि अधिकारी

## किसानों को दी प्राकृतिक खेती और डीएसआर तकनीक की जानकारी



**नवभारत, बालाघाट।** जिले में किसानों को उन्नत एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संचालित 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत लगातार चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत कृषि विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को प्राकृतिक खेती, हरी खाद, जैविक उर्वरकों के उपयोग, धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) तकनीक तथा नरवाई प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि 08 जून 2026 को बालाघाट विकासखंड के ग्राम अमेड़ा एवं प्रतापपुर, खैरलांजी विकासखंड के ग्राम पांढरवानी, पिंडकेपार, टूईयापार एवं वारासिवनी विकासखंड के ग्राम लिंगमारा में चौपाल लगाकर किसानों को खेती की आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही किसानों को उर्वरक के उठाव के लिए ई-टोकन जनरेट करने की सलाह दी गई और बताया गया कि इस टोकन के माध्यूम से ही किसानों को उर्वरक मिलेगा।

चौपाल कार्यक्रमों में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लाभ बताते हुए रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने हरी खाद के रूप में सन एवं ढेंचा फसलों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा उत्पादन लागत कम करने के उपायों की जानकारी दी। साथ ही किसानों को जैविक खादों के नियमित उपयोग से भूमि की गुणवत्ता में सुधार एवं दीर्घकालिक लाभों के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान धान की डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति को बढ़ावा देते हुए किसानों को इसकी तकनीकी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि डीएसआर विधि से धान की खेती में पानी, श्रम एवं लागत की बचत होती है तथा समय पर बुवाई संभव होने से उत्पादन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। किसानों को डीएसआर तकनीक अपनाने के लिए आवश्यक सावधानियों एवं वैज्ञानिक तरीकों से भी अवगत कराया गया।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवभारत, बालाघाट।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों एवं ईको क्लब के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरक नारों के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में जनजागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नीम, अमलतास, बेलपत्र सहित विभिन्न छायादार एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण कर हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया।

वृक्षारोपण अभियान में डॉ. भूपेंद्र ब्रम्हे एवं एनएसएस बालक इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुखचंद एड़े ने स्वयंसेवकों के साथ सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पौधारोपण किया तथा पौधों की देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया।

# सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों पर कलेक्टर ने की सुनवाई



**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 09 जून को सीएम हेल्पलाईन की राजस्व विभाग की 250 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की और उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से उसका पक्ष सुना और संबंधित अधिकारियों को नियमों के अनुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान अपर कलेक ?टर श्री डी.पी.बर्मन एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष ?णा नायर भी उपस्थित थे।

खैरलांजी तहसील के ग्राम मिरगपुर निवासी संतोष मेश्राम द्वारा आबादी भूमि का सर्वे ठीक से नही किये जाने की शिकायत की गई थी। यह शिकायत निराकरण के लिए 410 दिनों से लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान संबंधित क्षेत्र के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई और इस शिकायत को बंद करने के निर्देश दिये गए।

बालाघाट तहसील के ग्राम टेकाडी निवासी नवींद्र सिंह ठाकुर द्वारा अपनी जमीन का सीमांकन नही होने संबंधी शिकायत की गई थी, यह शिकायत 364 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस शिकायत की समक्ष में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता एवं संबंधित पटवारी व राजस ?व निरीक्षक से वस ?तुस्थिति की जानकारी ली गई, जिसमें पता चला कि पटवारी द्वारा नवींद्र सिंह की जमीन का सीमांकन किया जा चुका है, इसके बाद भी नवींद्र सिंह द्वारा शिकायत को बंद नही किया जा रहा है। इस पर नवींद्र सिंह को बताया गया कि पटवारी द्वारा उसकी जमीन का सीमांकन उसके समक्ष कर दिया गया है और उसके रकबे की जमीन बता दी गई है। अब इसका फिर से सीमांकन नही किया जाएगा। इस शिकायत को बंद करने के निर्देश दिये गए।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के विशेष शिविर का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलेभर में आयोजित विशेष शिविरों का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने सघन निरीक्षण किया। इसी क्रम में उन्होंने सिविल अस्पताल वारासिवनी पहुंचकर गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बीएमओ वारासिवनी डॉ. सत्यम शर्मा, बीपीएम श्री संजय तुरकर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. उपलप ने शिविर में पहुंची गर्भवती महिलाओं से छेड़छाड़ चर्चा कर उनकी स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए।

वारासिवनी सिविल अस्पताल में आयोजित विशेष शिविर में लगभग 110 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। सभी महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांचें प्रयोगशाला में कराई गईं तथा उच्च जोखिम (हाई रिस्क) वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनके विशेष उपचार एवं नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि जिले के सभी शिविरों में महिला चिकित्सा अधिकारियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, ताकि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# बालाघाट डाक विभाग का विशेष आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान 11 से 25 जून तक

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग द्वारा आधार सेवाओं को अधिक सुलभ एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष आधार पंजीयन एवं अपडेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नागरिक नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी लिंक कराने सहित विभिन्न आधार संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यालय अधीक्षक डाक घर ने बताया कि यह विशेष अभियान 11 एवं 12 जून तथा 24 एवं 25 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। अभियान में शामिल होने के लिए नागरिकों को पूर्व में टोकन प्राप्त करना होगा। इसके लिए 09 जून, 10 जून तथा 22 जून, 23 जून 2026 को संबंधित आधार केंद्रों पर टोकन वितरित किए जाएंगे।

बालाघाट संभाग के अंतर्गत बालाघाट प्रधान डाकघर सहित भरवेली, मलाजखंड, लालबर्रा, उकवा, रामपायली, बैहर, लांजी, किरनापुर, तिरोड़ी एवं कटंगी उपडाकघरों में आधार पंजीयन एवं अपडेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम डाकघर आधार सेवा केंद्र पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं।

इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को आधार संबंधी सेवाएं समयबद्ध एवं सुगमता से उपलब्ध कराना है, ताकि नागरिकों को आधार अपडेट कराने के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिक जानकारी के लिए नागरिक कार्यालय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग, बालाघाट-481001 से संपर्क कर सकते हैं। विभाग का दूरभाष क्रमांक 07632-247574 उपलब्ध है।

# रोटरवेटर में फंसे बालक की मौत


**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत खापा ग्वारी में सोमवार को कृषि कार्य के दौरान खेत में ट्रैक्टर में लगे रोटरवेटर की चपेट में आने से बुरी तरह फंसकर एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। हृदयविदारक हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। उनके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे है। परिजनों में चीत्कार मची हुआ है उन्हें यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनका बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। पुलिस के मुताबिक, खापा ग्वारी निवासी अन्नू कुमार नामदेव सिलाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके तीन बेटों में से मंझला बेटा हर्ष नामदेव 16 वर्ष सोमवार को गांव के ही अजय पटेल के ट्रैक्टर में बैठकर खापाहार गया हुआ था। खापाहार में संतोष पटेल के खेत में ट्रैक्टर से रोटरवेटर चलाकर जुताई का काम किया जा रहा था। इसी दौरान हर्ष अचानक चालू रोटरवेटर की चपेट में आ गया। मशीन के ब्लेड्स की मार से हर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

# मां की बगिया' योजना में 87 हजार का गबन, कलेक्टर से हुई शिकायत

## सचिव ने पत्नी समेत 5 लोगों के खातों में डलवाई राशि एफआईआर की मांग

**नवभारत कटंगी।** जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत टेकाड़ी में 'मां की बगिया' वृक्षारोपण योजना में बड़े गबन का मामला सामने आया है। हितग्राही दुर्गेश गौरे ने जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपकर तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव पर 87,460 रुपए के गबन का आरोप लगाया है।

**1.33 लाख की योजना, मिले सिर्फ 22 हजार** -कायस कोड 1738001007//22012035134475 के तहत दुर्गेश गौरे की निजी भूमि पर वृक्षारोपण के लिए मध्यप्रदेश शासन ने 1,33,000 रुपए स्वीकृत किए थे। योजना के तहत 100 फलदार पौधे लगाए गए जो वर्तमान में जीवित हैं। अब तक शासन ने 45,540 रुपए जारी किए, लेकिन हितग्राही को सिर्फ 22,700 रुपए ही मिले। शेष 87,460 रुपए का अब तक भुगतान नहीं हुआ।



### पत्नी समेत 5 लोगों के खातों में भेजी राशि

शिकायत में आरोप है कि तत्कालीन सचिव ने धोखाधड़ी कर अन्य व्यक्तियों के नाम मस्टर रोल में दर्ज किए और शासकीय राशि उनके खातों में ट्रांसफर करवा दी। यह राशि सचिव की पत्नी सारिका शिंदे समेत अंजना, शुभम, रोहित और वंदना सूर्यवंशी के खातों में गई। बाद में सचिव ने खुद नकद राशि निकालकर गबन कर लिया। साक्ष्य मिटाने के लिए योजना से जुड़ी शासकीय फाइल भी गायब कर दी गई।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत फिर भी कार्रवाई नहीं

दुर्गेश गौरे ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी दर्ज कराई थी। इसके बाद संबंधित बैंक खाते फ्रीज तो कर दिए गए, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। जांच दल ने सचिव को प्रथम दृष्टया दोषी माना, फिर भी विभागीय कार्रवाई शुरू नहीं हुई।

### कलेक्टर से 5 बिंदुओं पर कार्रवाई की मांग

- ❑ आरोपियों पर एफआईआर: थाना कटंगी को तत्काल एफआईआर के निर्देश दिए जाएं।
- ❑ राशि वापसी: अन्य खातों में जमा राशि जब्त कर हितग्राही को दिलाई जाए।
- ❑ शेष भुगतान: 87,460 रुपए की राशि डीबीटी से सीधे खाते में डाली जाए।
- ❑ ईओडब्ल्यू जांच: आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ से विस्तृत जांच कराई जाए।
- ❑ सेवा से बर्खास्तगी: आरोपी सचिव के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर सेवा से पृथक किया जाए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार खमरिया, तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट (म.प्र.)**

रा.प्र.क्रं./0022/ड-154/2025-26 **।।इस्तेहार ।।** लालबर्रा, दिनांक 08/06/2026

न्यायालय नायब तहसीलदार खमरिया रा.प्र.क्रं./0022/ड-154/2025-26

मौजा- रटेगांव रा.नि.म. खमरिया

आवेदिका मंजूसा परते पति विजय परते जाति गोंड निवासी ग्राम झालीवाड़ा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. .शपथकर्ता (आवेदिका)

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंजूसा परते पति विजय परते जाति गोंड निवासी ग्राम झालीवाड़ा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा रटेगांव रा.नि.मं. खमरिया तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपनी नानी जयतुरा पति स्व. भैयालाल का अनुज्ञा प्रमाण पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12(2) म.प्र. मृत्यु पंजीयन 1999 नियम 12 (2) प्रावधानों के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 20/05/2015 मृत्यु स्थल ग्राम रटेगांव अंतर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं उपरोक्त पत्र के संबंध में हितबद्ध पक्षकार को समाचार के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि उक्त संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत जवाब रखा जाना हैं, जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनाक 18/06/2026 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक / अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08/06/2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(भूपेन्द्र अहिरवार)**
**तहसीलदार लालबर्रा**